**उपसर्ग** - उपसर्ग शब्द का वह अंश (part ) होता है जो शब्द के आगे आकर शब्द के अर्थ (meaning) में बदलाव लाता है। उपसर्ग अगर अकेले लिखा जाये तो उसका अर्थ नहीं होता है। किसी शब्द के आगे लगने पर उस शब्द का अर्थ को बदल देता है।

**उदाहरण**

*कु* + पुत्र = कुपुत्र
*अ* + धर्म = अधर्म

**Note -** कुछ शब्दों में दो उपसर्ग का भी प्रयोग होता है।

1. *निर् + आ* + करण = निराकरण
2. *सु + सम्* + कृत = सुसंस्कृत
3. *अन् + आ* + हार = अनाहार
4. *अ + सु* + रक्षित = असुरक्षित
5. *सु + सम्* + गठित = सुसंगठित

# Upsarg Class 9 MCQ - उपसर्ग बहुविकल्पीय प्रश्न

**Q1. 'प्रत्येक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) प

B) प्रतिि

C) प्रति

D) प्र

**Q2. 'प्रख्यात' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) प्र

B) प्रख्

C) पर

D) पर्

**Q3. 'पराभूत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) प

B) परा

C) प्रा

D) पर

**Q4. 'निर्मल' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) निस्/निः

B) नि

C) निर्

D) न्र

**Q5. 'निरूपण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) नि

B) निर्

C) निरु

D) निर्र

**Q6. 'निदर्शन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) न

B) निद

C) नि

D) नी

**Q7. 'उपस्थिति' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) उ

B) अप्स

C) उप

D) उपस्

**Q8. 'अवलोकन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) अ

B) अव

C) आ

D) अव्ल्

**Q9. 'आरोहण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) अ

B) आर्

C) आ

D) आरो

**Q10. 'अस्वीकार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -**

A) अस

B) अ

C) अस्व

D) अस्

**प्रत्यय–** प्रत्यय शब्द का वह अंश होता जो शब्द के अंत में जुड़कर शब्द के अर्थ को बदलता है।
**उदाहरण –**
भला + *आई*= भलाई\
गंभीर + *ता*= गंभीरता
जेठ + *आनी* = जेठानी
बाग + *इचा* = बगीचा
बड़ा + *आई* = बड़ाई
सुंदर + ता = सुंदरता

## Pratyay Class 9 MCQ - प्रत्यय कक्षा 9 महत्वपूर्ण बहुविकल्पीय प्रश्न

**Q1. 'लेखक' शब्द में प्रत्यय बताये**
A) अन
B) अनीय
C) अक
D) अक्कड़
**Q2. 'पावक' शब्द में प्रत्यय बताये**
A) अक
B) आक
C) आई
D) ति
**Q3. 'भूलक्कड़' शब्द में प्रत्यय बताये**
A) आऊ (
B) अक
C) आक
D) अक्कड
**Q4. 'तैराक' में प्रत्यय बताये**
A) आक
B) आक (
C) अक
D) अक्कड़
**Q5. 'धमाका' में प्रत्यय बताये**
A) आक
B) अक
C) आका
D) अक्कड़
**Q6. 'गुजारा' में प्रत्यय बताये**
A) आऊ
B) आडी
C) अक
D) आ

**Q7. 'पिटाई' में प्रत्यय क्या है**

A) आव
B) आई
C) आप
D) आका

**Q8. 'चुनाव' में प्रत्यय बताये**

A) वि
B) व
C) अ
D) आव

**Q9. 'कर्तव्य' में प्रत्यय खोजे**

A) त
B) तव्य
C) इया
D) ति

**Q10. 'होनहार' में प्रत्यय बताये**

A) ता
B) ऐया
C) हार
D) अक

प्रश्नः 1.

निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए

1. यदि + अपि = …………………
2. मत + ऐक्य = …………………
3. स्व + इच्छा = …………………
4. महा + औषध = …………………
5. वार्षिक + उत्सव = …………………
6. वन + औषधि = …………………
7. महा + उदय = …………………
8. उदय + अंचल = …………………
9. शब्द + अर्थ =. ………………..
10. मंत्र + आलय =…………………
11. नर + इंद्र = ………………………
12. वार्ता + आलाप = ………………………
13. पूर्व + उत्तर = ………………………
14. युग + अंत = ………………………
15. उत् + मेष = ………………………
16. सदा + एव = ………………………
17. पूर्ण + इंदु = ………………………
18. एक + एक = ………………………
19. अनाथ + आलय = ………………………
20. वृक्ष + आरोपण = ………………………
21. परम् + औषधि = ………………………
22. स्व + अर्थ = ………………………
23. सु + आगत = ………………………
24. पद + उन्नति = ………………………
25. अति + उत्तम = ………………………
26. चंद्र + उदय = ………………………
27. इति + आदि = ………………………
28. चरण + अमृत = ………………………
29. लघु + उत्तर = ………………………
30. आ + छादन = ………………………
31. प्रति + एक = ………………………
32. लंका + ईश = ………………………

33. रेखा + अंकित = ..........................
34. पुष्प + अंजलि = ..........................
35. महा + ऋषि = ..........................
36. उप + आसना = ..........................
37. शिव + आलय = ..........................
38. प्रति + उत्तर = ..........................
39. धन + एषण = ..........................
40. सूर्य + उदय = ..........................
41. महा + उदधि = ..........................
42. तथा + अपि = ..........................
43. ग्राम + उत्थान = ..........................
44. नव + ऊढ़ा = ..........................
45. कवि + इंद्र = ..........................
46. लोक + आचार = ..........................
47. अरुण + अचल = ..........................
48. कर्म + इंद्रिय = ..........................
49. अति + आवश्यक = ..........................
50. महा + उत्सव = ..........................
51. गृह + उपयोगी = ..........................
52. प्रतीक्षा + आलय = ..........................
53. प्रति + अक्षर = ..........................
54. सत्य + अन्वेषी = ..........................
55. अधिक + अधिक = ..........................
56. शची + इंद्र = ..........................
57. तथा + एव = ..........................
58. अधि + ईश्वर = ..........................
59. वाक + दत्ता = ..........................
60. स्व + छंद = ..........................

उत्तरः

1. यद्यपि
2. मतैक्य
3. स्वेच्छा
4. महौषध

**Class 9 – Hindi B**
**आदर्श प्रश्न पत्र – 01 (2023-24)**

---

**Maximum Marks: 80**
**Time Allowed: 3 hours**

---

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## 1. खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)

2. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**
   विज्ञान ने मनुष्य को मशीन बना दिया है, यह कहना उचित नहीं है। मशीनों का आविष्कार मनुष्य ने अपनी सुख-सुविधा के लिए किया है। यदि मशीनें नहीं होतीं, तो मनुष्य इतनी तेजी से प्रगति नहीं कर पाता एवं उसका जीवन तमाम तरह के झंझावातों के बीच ही गुम होकर रह जाता। मशीनों से मनुष्य को लाभ हुआ है, यदि उसे भौतिक सुख-सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं, तो उसमें मशीनों का योगदान प्रमुख है। मशीनों को कार्यान्वित करने के लिए मनुष्य को उन्हें परिचालित करना पड़ता है जिससे कार्य करने में उसे अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ता।
   यदि कोई व्यक्ति मशीन के बिना कार्य करे, तो उसे अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता पड़ेगी। इस दृष्टि से देखा जाए, तो मशीनों के कारण मनुष्य का जीवन यंत्रवत् नहीं हुआ है, बल्कि उसके लिए हर प्रकार का कार्य करना सरल हो गया है। यह विज्ञान का ही वरदान है कि अब डेबिट-

क्रेडिट कार्ड के रूप में लोगों के पर्स में प्लास्टिक मनी आ गई है और वे जब भी चाहें, रुपये निकाल सकते हैं। रुपये निकालने के लिए अब बैंकों में घंटों लाइन में लगने की जरूरत ही नहीं। पहले लंबी दूरी की यात्रा करना मनुष्य के लिए अत्यंत कष्टदायी होता था। अब विज्ञान ने मनुष्य की हर प्रकार की यात्रा को सुखमय बना दिया है। सड़कों पर दौड़ती मोटरगाड़ियाँ एवं एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ इसका उदाहरण हैं।

पहले मनुष्य के पास मनोरंजन के लिए विशेष साधन उपलब्ध नहीं थे। अब उसके पास मनोरंजन के हर प्रकार के साधन उपलब्ध हैं। रेडियो, टेपरिकॉर्डर से आगे बढ़कर अब एलईडी, डीवीडी एवं डीटीएच, कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल का जमाना आ गया है। यही नहीं मनुष्य विज्ञान की सहायता से शारीरिक कमजोरियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा ( निजात) पाने में अब पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गया है और यह सब संभव हुआ चिकित्सा क्षेत्र में आई वैज्ञानिक प्रगति से।

i. विज्ञान ने मनुष्यों को क्या दिया है?
  - क) परिश्रम
  - ख) सुख-सुविधाएँ
  - ग) मशीनें
  - घ) असुविधाएँ

ii. मशीनें नहीं होती तो क्या होता?
  - क) मनुष्य खुश रहता
  - ख) मनुष्य तेजी से प्रगति नहीं कर पाता
  - ग) मनुष्य झंझावातों से निकल जाता
  - घ) मनुष्य तेजी से प्रगति कर पाता

iii. मशीनों से मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है?
  - क) उसका प्रत्येक कार्य सरल हो गया है
  - ख) उसका जीवन यंत्रवत् हो गया है
  - ग) उसका प्रत्येक कार्य कठिन हो गया है
  - घ) उसे अधिक परिश्रम करना पड़ता है

iv. गद्यांश के अनुसार, विज्ञान का वरदान क्या है?
  - क) अब रुपये निकालने के लिए बैंकों में घंटों तक लाइन में नहीं लगना पड़ता
  - ख) डेबिट-क्रेडिट कार्ड के रूप में लोगों के पर्स में प्लास्टिक मनी आ गई है
  - ग) लोग जब चाहें रुपये निकाल सकते हैं
  - घ) सभी

v. **कथन (A):** मशीनों के प्रयोग से मनुष्य सुख-सुविधा संपन्न हो गया है।
**कारण (R):** मशीनीकरण ने मनुष्य को अकर्मण्य व लालची बना दिया है।
  - क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं।

3. और अधिक प्रश्नों का अभ्यास करने और परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए, **myCBSEguide ऐप** डाउनलोड करें। यह UP बोर्ड, NCERT, JEE (MAIN), NEET (UG) और NDA परीक्षाओं के लिए संपूर्ण अध्ययन सामग्री प्रदान करता है। शिक्षक अपने नाम और लोगो के साथ ठीक ऐसे ही पेपर बनाने के लिए **Examin8 ऐप** का उपयोग कर सकते हैं।

4. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

   भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।

   i. हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था?

      क) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में परतंत्र बनाना

      ख) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना

      ग) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में उन्नत बनाना

      घ) देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर न बनाना

   ii. खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था?

      क) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का

      ख) रासायनिक उर्वरकों का

      ग) कीटनाशकों का

      घ) इनमें से कोई नहीं

   iii. विशेषज्ञ हरित क्रांति की सफलता के लिए क्या आवश्यक मानने लगे?

      क) प्राकृतिक खाद का प्रयोग

      ख) कृत्रिम खाद का प्रयोग

      ग) जैविक खाद का प्रयोग

घ) रासायनिक खाद का प्रयोग

iv. रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक का प्रयोग क्यों आवश्यक हो गया?

क) हरित क्रांति के कारण
ख) घटती आबादी के कारण
ग) बढ़ती आबादी के कारण
घ) फसल के कारण

v. गोबर की कम्पोस्ट खाद अब खेतों में नहीं पड़ती है क्योंकि-

i. किसान परम्परागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं
ii. मवेशियों का स्थान ट्रेक्टर-ट्रोली ने ले लिया है
iii. कीटनाशकों का अधिकाधिक प्रयोग होने लगा है
iv. उर्वरा शक्ति बनी रहने के कारण

क) कथन i, ii व iii सही हैं
ख) कथन i, ii, iii व iv सही हैं
ग) कथन ii सही है
घ) कथन i, ii व iv सही हैं

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

i. शब्द एवं पद में अंतर है-

a. शब्द वाक्य के बाहर होते हैं जबकि पद वाक्य में बंधे होते हैं।
b. शब्दों का अपना स्वतंत्र अर्थ होता है जबकि पद अपना अर्थ वाक्य के अनुसार देते हैं।
c. दोनों
d. इनमें से कोई नही

ii. मोहन ने खाना खाया। इस वाक्य में रेखांकित शब्द की पहचान कीजिए।

a. पद
b. इनमें से कोई नहीं।
c. शब्द और पद दोनों
d. शब्द

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये:

i. यदि अनुस्वार के पश्चात कोई पंचमाक्षर (ङ,ण,न,म) आता है तो अनुस्वार का प्रयोग किस रूप में होता है?

a. मूल रूप
b. सम्
c. बिंदु
d. चंद्रबिंदु

ii. निम्नलिखित शब्दों में से **अनुनासिक** के उचित प्रयोग वाला शब्द चुनिए-
भँवरा, भंवरा, भवराँ, भवँरा

a. भवँरा
b. भंवरा
c. भवराँ
d. भँवरा

iii. निम्नलिखित शब्दों में से **अनुनासिक** के उचित प्रयोग वाला शब्द चुनिए-
नादँ, गवाँर, अगुँली, सँवारना

a. गवाँर
b. सँवारना
c. नादँ
d. अगुँली

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 4 के उत्तर दीजिये:

i. 'महत्व' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयोग किया गया है?

a. हत्व
b. त्व
c. वह
d. व

ii. 'लेखक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयोग किया गया है?

a. खक
b. ख्क
c. अक
d. क

iii. **अधिकोष** शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

a. अधि
b. अ
c. अध
d. आ

iv. किस शब्द में **अनु** उपसर्ग **नहीं** है?

a. अन्वेषण
b. अनुर्वर
c. अनुनय
d. अनूदित

v. जो प्रत्यय क्रिया अथवा धातु के बाद लगाए जाते हैं वो क्या कहलाते हैं ?

a. संबंधवाचक
b. तद्धित
c. कृत

d. क्रमवाचक

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 3 के उत्तर दीजिये:
   i. यथा + अर्थ की संधि से बनेगा :
      a. यथार्थ
      b. यथाअर्थ
      c. यदार्थ
      d. यथारथ
   ii. देवर्षि-
      a. विसर्ग संधि
      b. स्वर संधि
      c. व्यंजन संधि
      d. इनमें से कोई नहीं
   iii. भारतेन्दु का संधि-विग्रह है:
      a. भारत + इन्दु
      b. भारतः + इन्दु
      c. भरत + इन्दु
      d. भार + तेंदु
   iv. उचित संधि विच्छेद चुनिए- गीतांजलि
      a. गीत + अंजलि
      b. गीता + जल
      c. गीता + जलि
      d. गीत + अंजल
5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही तीन में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए-
   i. माँ ने कहा सरल सहज और सादा जीवन हमें प्रकृति से जोड़ता है
   ii. कठिन परिश्रम करो परीक्षा निकट है
   iii. बच्चों शान्तिपूर्वक बैठो।
   iv. हे भगवान तुम्हें कब अक्ल आएगी
6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये:
   i. अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए-
      यदि तुम कल घर जाओगे तो मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा।
      a. विस्मयवाचक
      b. संकेतवाचक
      c. संदेहवाचक
      d. आज्ञावाचक
   ii. विधिवाचक वाक्य किसे कहते हैं?

a. नकारात्मकता के बोध को
b. इच्छा का बोध कराने वाले को
c. साधारण वाक्य को
d. किसी बात के होने का बोध कराने वाले को

iii. अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए-
अहा! इतना सुंदर फूल देखकर मन प्रसन्न हो उठा।

a. संदेहवाचक
b. इच्छावाचक
c. विधानवाचक
d. विस्मयवाचक

7. **Read the text carefully and answer the questions:**

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढहै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै।
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै।।

i. कवि ने **गरीब निवाजु** किसे कहा है?
   a. राजा-महाराजाओं को
   b. संत-महात्माओं को
   c. अपने प्रभु को
   d. अपने गुरु को

ii. प्रस्तुत पद में कवि रैदास ने अपने स्वामी को किस नाम से संबोधित किया है?
   a. लाल
   b. सभी विकल्प सही हैं
   c. गुसईआ
   d. हरिजीउ

iii. **नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु** कहकर कवि ने क्या इच्छा व्यक्त की है?
   a. जाति प्रथा और भेदभाव को समाप्त करने की
   b. स्वयं की उन्नति करने की
   c. कृष्ण की पूजा अर्चना करने की
   d. निम्न वर्ग में जन्म न लेने की

iv. कवि संतों से ईश्वर की शरण में जाने को क्यों कह रहा है?
   a. क्योंकि ईश्वर शरणागत का सम्मान करते हैं
   b. क्योंकि वे ईश्वर के समक्ष कुछ भी नहीं हैं

c. क्योंकि ईश्वर ही सर्वोच्च सत्ता है

d. क्योंकि ईश्वर ही उन्हें भवसागर से पार लगा सकते हैं

v. **मेरा गोबिंद काहु ते न डरै** पंक्ति से क्या आशय है?

a. ईश्वर ऊँची जाति वाले लोगों से डरते नहीं हैं

b. ईश्वर अच्छे लोगों से डरते हैं

c. ईश्वर अछूत लोगों से डरते नहीं हैं

d. ईश्वर को किसी का भी भय नहीं है

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

i. रहीमदास जी ने मूल को सींचने पर बल क्यों दिया है?

a. क्योंकि वह ज़मीन के ऊपर होती है।

b. क्योंकि वही पौधों के फलने – फूलने में सहायक है।

c. क्योंकि वह आधार में लटकी हुई होती है।

d. क्योंकि वह जमीन के नीचे होती है।

ii. **नए इलाके में** कविता अनुसार **बसंत का गया पतझड़** में लौटने से क्या अभिप्राय है?

a. भारी अंतर का आ जाना

b. एक साल बाद लौटना

c. जवानी में जाकर बुढ़ापे में लौटना

d. सभी विकल्प सही हैं

9. **Read the text carefully and answer the questions:**

जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सपत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया था कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिल्कुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।"

i. पाठ के आधार पर बताइए कि तेनजिंग कौन था?

a. लेखिका का ट्रेनर

b. पर्वतों की जानकारी रखने वाला सैलानी

c. एवरेस्ट पर चढ़ने वाला पहला व्यक्ति

d. लेखिका का सहयोगी

ii. तेनजिंग ने किस बात पर विशेष महत्त्व दिया?

a. प्रत्येक सदस्य की परीक्षा लेने पर

b. प्रत्येक सदस्य से बातचीत करने पर

c. सदस्यों का सामान स्वयं उठाने पर
d. कैप के संचालन करने पर

iii. लेखिका ने स्वयं को नौसिखिया क्यों बताया?
a. क्योंकि वह दूसरी बार एवरेस्ट पर चढ़ रही थी
b. वह पहले से ही चढ़ाई के बारे में बहुत कुछ जानती थी
c. इनमें से कोई नहीं
d. क्योंकि एवरेस्ट पर चढ़ना उसका पहला पर्वतीय अभियान था

iv. गद्यांश के अनुसार बचेंद्री पाल (लेखिका) का यह कौन-सा अभियान है?
a. चौथा
b. तीसरा
c. पहला
d. दूसरा

v. लेखिका के लिए तेनजिंग ने कौन-से शब्द कहे थे?
a. तुम दल के पीछे पीछे ही चलना
b. तुम्हें पहले प्रयास में ही शिखर पर पहुँच जाना चाहिए
c. तुम पर्वतीय लड़की नहीं हो
d. तुम पर्वत शिखर पर नहीं पहुँच पाओगी

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

i. महादेव का सारा जीवन और उनके सारे कामकाज किसके साथ एकरूप हो गए थे?
a. मित्र के साथ
b. पिता के साथ
c. भाई के साथ
d. गांधीजी के साथ

ii. **तुम कब जाओगे, अतिथि** पाठ में लॉण्ड्री में कपड़े देने की बात सुनकर लेखक की पत्नी को क्या लगा?
a. समय लगेगा
b. अब अतिथि चला जाएगा
c. अतिथि और कुछ दिन ठहरेगा
d. खर्च बढ़ेगा

## 11.खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये:

i. रामन् के प्रारंभिक शोध कार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

ii. बाज़ार में खड़े लोगों के मन में वृद्धा के प्रति घृणा पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट कीजिए। दुःख का अधिकार पाठ के आधार पर।

iii. पंजाब में फौजी शासन ने क्या कहर बरसाया? शुक्र तारे के समान पाठ के आधार पर लिखिए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये:
    i. भाव स्पष्ट कीजिए- सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय।
    ii. प्रकृति के साथ पशु-पक्षियों के संबंध की व्याख्या कीजिए। गीत-अगीत के आधार पर लिखिए।
    iii. अग्निपथ में क्या नहीं माँगना चाहिए?

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 के उत्तर दीजिये:
    i. लेखिका **महादेवी वर्मा** ने लघु जीव की जान किस तरह बचाई? उसके इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?
    ii. **मेरा डंडा अनेक साँपों के लिए नारायण-वाहन हो चुका था** – आशय स्पष्ट कीजिए। **स्मृति** पाठ के आधार पर बताइए।
    iii. हेमंत कुमार जमातिया के विषय में लेखक **विक्रम सिंह** ने पाठ में क्या बताया है?

और अधिक प्रश्नों का अभ्यास करने और परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए, **myCBSEguide ऐप** डाउनलोड करें। यह UP बोर्ड, NCERT, JEE (MAIN), NEET (UG) और NDA परीक्षाओं के लिए संपूर्ण अध्ययन सामग्री प्रदान करता है।

15. **इंटरनेट का जीवन में उपयोग** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।
    - इंटरनेट क्या है?
    - लाभ-समय की बचत, शिक्षा में सहायक
    - उपयोग के सुझाव

    **OR**

    **कंप्यूटर हमारा मित्र** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।
    - क्या है
    - विद्यार्थियों के लिए उपयोग
    - सुझाव

    **OR**


    **भारत में बाल मज़दूरी की समस्या** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए।
    - बाल मज़दूरी का अर्थ
    - बाल मज़दूरी के कारण
    - बाल मज़दूरी को दूर करने के उपाय

16. अपने नए विद्यालय के परिवेश और शैक्षिक-शैक्षणिक गतिविधियाँ का उल्लेख करते हुए चचेरे भाई को पत्र लिखिए।

**OR**

अपने मित्र को पत्र लिखें जिसमें हिंदी का महत्त्व और लाभ बताए गए हों।

17. दिए गए चित्र को देखकर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए।



18. नौकर और मालिक के मध्य 'वेतन-वृद्धि के लिए हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

**OR**

चंचल और मोनिका सहपाठी हैं। परीक्षा के बाद दोनों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।